बरेली, शुक्रवार
1 फरवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

शहर में प्रदेश के डॉक्टर हार्ट अटैक पर करेंगे चर्चा

जासं, बरेली : युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रहे हृदय रोग से बचाव पर चर्चा करने के लिए शहर में दो दिन यूपी के डॉक्टर जुटेंगे। इसके लिए दो दिवसीय मेडिकल सम्मेलन का आयोजन श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट सभागार में किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर डॉ. अमरेश अग्रवाल ने बताया कि 12 साल पहले हृदय रोग ज्यादातर 50 साल से उपर के लोगों को होता था। अब ये बीमारी 20 साल के युवाओं में भी देखने को मिल रही है। ऐसे में इस बीमारी से कैसे बचा जा सकता है। इस पर लखनऊ, दिल्ली, वाराणसी, कानपुर, अलीगढ़ और बरेली के हृदय रोग विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे। सम्मेलन में करीब 400 विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। यह 2 से 3 फरवरी तक चलेगा। सम्मेलन का आयोजन राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सभागार में किया जाएगा।

सम्मेलन

- दो से तीन फरवरी तक आयोजन एसआरएमएस में होगा
- पहले 50 साल से ऊपर के लोगों को होता था हृदय रोग, अब युवाओं में भी

क्यों बढ़ रही है बीमारी

डॉक्टर अमरेश अग्रवाल ने बताया कि युवाओं में इस बीमारी का होना ज्यादा खतरनाक है। अगर किसी युवा को ये बीमारी 20 साल में हो गई तो 70 साल जीने वाला युवा 47 साल ही जियेगा। इस बीमारी के होने की सबसे बड़ी वजह है लोगों में तेजी से घर करने वाला तनाव और दिनचर्या। मोबाइल और इंटरनेट के आने से फिजिकल वर्क पूरी तरह से खत्म हो गया है। जो इस बीमारी के साथ शुगर जैसी बीमारी को भी दावत दे रहा है।